INDIAN SCHOOL MUSCAT
PRIMARY SECTION
STD-III

मेरा देश (अनुच्छेद)

मेरे देश का नाम भारत है। यह सुंदर और न्यारा है। इसके उत्तर में हिमालय पर्वत है। भारत का राष्ट्रीय फल आम, राष्ट्रीय फूल कमल, राष्ट्रीय पशु बाघ, राष्ट्रीय पक्षी मोर और राष्ट्रीय खेल हॉकी है। मेरे देश में अनेक धर्मों और भाषा के लोग रहते हैं। वे सब मिलजुलकर और प्यार से रहते हैं। भारत में अनेक देखने योग्य स्थान हैं, जैसे लालकिला, चारमिनार, ताजमहल, प्रार्थना मंदिर, जंतर मंतर आदि। अनेक पर्यटक हर साल इन स्थानों को देखने भारत आते हैं। भारत के लोग अतिथियों को ईश्वर मानते हैं। मुझे अपने देश की सभ्यता और संस्कृति पर गर्व है।

पालतू जानवर (अनुच्छेद)

पालतू जानवरों में मुझे कुत्ता बहुत अच्छा लगता है। यह एक उपयोगी जानवर है। कुत्ते अनेक प्रकार के होते हैं। कुत्तों की सूँघने की शक्ति बहुत तेज़ होती है इसलिए पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए कुत्तों की सहायता लेते हैं। कुत्तों के दो कान, दो आँखें, चार टाँगें और एक पूँछ होती है। ये कई रंग के होते हैं और इनका आकार भी भिन्न होता है। अमीर लोग अपने घरों में कुत्तों को पालते हैं। पालतू कुत्ते अपने मालिक के वफ़ादार होते हैं। कुत्तों का आहार मांस होता है। ये चावल,मच्छली भी खाते हैं। पालतू कुत्तों की देखभाल अच्छी तरह करनी चाहिए। इसके भौंकते ही हमें सावधान भी होना चाहिए।